# एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था को बनेंगे सेल

- मुख्य सचिव ने जिला ओटीडी सेल बनाए जाने के लिए जारी किए दिशा निर्देश
- एक ट्रिलियन डालर की योजना को बढ़ाने में जिलों के प्रयासों की करेगा समीक्षा

**राज्य ब्यूरो, जागरण, लखनऊः** प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से सरकार ने सभी जिलों में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जिला ओटीडी (वन ट्रिलियन डालर) सेल के गठन का निर्णय लिया है। सेल का उद्देश्य जिले के स्तर पर एक ट्रिलियन डालर योजना के तहत किए जा रहे प्रयासों की नियमित समीक्षा करना है। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने जिला ओटीडी सेल के गठन के संबंध में सभी जिलाधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के उद्देश्य से शासन द्वारा कई रणनीतिक और ठोस कदम उठाए गए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री की पहल पर सभी जिलों में ओटीडी सेल के गठन का निर्णय लिया गया है। जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी इस सेल के सदस्य संयोजक होंगे। एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था से संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी इस सेल के सदस्य होंगे। जरूरत के मुताबिक जिलाधिकारी जिले के



मनोज कुमार सिंह ( फाइल फोटो )

शिक्षाविद, उद्योगपति आदि को इस सेल में सदस्य बना सकते हैं।

इस सेल द्वारा कृषि फसलों, औद्यानिक फसलों के उत्पादन, दुग्ध उत्पादन, दुग्ध प्रोसेसिंग, उद्योगों के लिए भूमि आवंटन और स्वीकृति की स्थिति, औद्योगिक इकाइयों की स्थापना व कार्यशील होने के साथ ही संबंधित इकाइयों के पंजीकरण की समीक्षा की जाएगी। राजमार्गों, विद्युत ग्रिड, लाजिस्टिक्स हब, विशेष निवेश जोन, टाउनशिप, औद्योगिक क्षेत्र, प्लेज पार्क आदि अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण की नियमित समीक्षा करते हुए इन्हें समय से पूरा कराया जाएगा।

सेल द्वारा औद्योगिक विद्युत उपभोग, सौर ऊर्जा की प्रगति, जिले से साफ्टवेयर निर्यात, आइटी यूनिटों का एसटीपीआइ में पंजीकरण, नए स्थापित होटलों में बेड की उपलब्धता की समीक्षा भी होगी। वाणिज्यिक वाहनों के पंजीकरण, पीपीपी मोड पर निर्माणाधीन बस अड्डों के निर्माण, स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ाने के लिए उद्योगों से समन्वय कर उनकी आवश्यकता के अनुरूप कौशल प्रदान किए जाने की व्यवस्था सेल करेगा। एक ट्रिलियन डालर अर्थव्यवस्था से संबंधित कार्यों को समय से पूरा कराने के लिए नियोजन विभाग द्वारा समय-समय पर दिए गए कार्यों को समय से पूरा कराने की जिम्मेदारी सेल की होगी।

शासन-प्रशासन की
महत्वपूर्ण खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें